# बिहार सरकार
## जल संसाधन विभाग

पत्रांक-बा०प्र०सु०स०के०-11/2022-282 पटना, दिनांक- 25 /03/2022

**तकनीकी/विशेषज्ञ संवर्ग के विभिन्न पदों पर संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति हेतु विस्तृत सूचना**

विभागीय संकल्प ज्ञापांक 5/डी-04-10-01/2017-1334 दि० 26.05.2017 द्वारा जल संसाधन विभाग के अधीन बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र, पटना के नियंत्रण में विश्व बैंक संपोषित बिहार कोसी बेसीन परियोजना के अंतर्गत उत्कृष्टता केन्द्र (Centre of Excellence - CoE) के लिए गणितीय प्रतिमान केन्द्र (Mathematical Modeling Centre-MMC) के सुचारू संचालन हेतु गठित समर्पित दल की प्रदत्त स्वीकृति के क्रम में निम्न सारणी के अनुसार कुल आठ अदद तकनीकी विशेषज्ञ के पदों पर एक वर्ष के लिये संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति हेतु ऑनलाइन (online) आवेदन आमंत्रित किया जाता है:-

| क्र० सं० | पदनाम | पदों की संख्या | आवश्यक न्यूनतम योगयता एवं अनुभव | अपेक्षित वार्षिक पारिश्रमिक (₹ लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वरीय बाढ़ प्रतिरूपक-(Flood Modeller-Senior) | 1 (एक) | जल संसाधन/जल गति विज्ञान/मॉडलिंग में स्नातकोत्तर डिग्री- 15 वर्षो का अनुभव सहित । | 25.00 |
| 2. | वरीय नदी शास्त्रवेता-(Morphologist Senior) | 1 (एक) | जल संसाधन/ जलगति विज्ञान/ जल विज्ञान/ तलछट परिवहन/ मॉडलिंग में स्नातकोत्तर डिग्री- 15 वर्षो का अनुभव सहित । | 25.00 |
| 3. | अधिप्राप्ति विशेषज्ञ (Procurement Specialist) | 1 (एक) | असैनिक अभियंत्रण में तकनीकी स्नातक एवं विस्तृत परियोजना रिपोर्ट/भौगोलिक सूचना प्रणाली सर्वेक्षण/सभी प्रकार के आर०एफ०पी० प्रस्ताव के लिए अनुरोध एवं अनुबंध दस्तावेज तैयार करने में 15 वर्षो का अनुभव सहित । | 15.00 |
| 4. | निर्णय समर्थन प्रणाली विशेषज्ञ (Decision Support System Specialist) | 1 (एक) | कम्प्यूटर उपयोग में स्नातकोत्तर/ कम्प्यूटर विज्ञान में प्रावैद्यिक स्नातक डिग्री- निर्णय समर्थन प्रणाली से संबंधित परियोजनाओं में 8 वर्षो का अनुभव सहित । | 15.00 |
| 5. | वरीय भौगोलिक सूचना प्रणाली विशेषज्ञ (GIS Specialist-Senior) | 1 (एक) | भू-विज्ञान क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री/ भौगोलिक सूचना प्रणाली में 15 वर्षो का अनुभव सहित । | 10.00 |
| 6. | सुदूर संवेदी विशेषज्ञ (Remote Sensing Specialist) | 1 (एक) | भू-विज्ञान क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री/ सुदूर संवेदी में 5 वर्षो का अनुभव सहित । | 8.00 |
| 7. | तंत्र प्रबंधक (सिस्टम प्रबंधक) (System Manager) | 1 (एक) | कम्प्यूटर उपयोग में स्नातकोत्तर/कम्प्यूटर विज्ञान में प्रावैधिक स्नातक डिग्री- सिस्टम प्रशासन/वायरस प्रबंधन/हार्डवेयर सम्पोषण में 5 वर्षो का अनुभव सहित । | 10.00 |
| 8. | आंकड़ा संचय प्रबंध विशेषज्ञ (Database Management Specialist) | 1 (एक) | कम्प्यूटर उपयोग में स्नातकोत्तर/कम्प्यूटर विज्ञान में प्रावैधिक स्नातक डिग्री- डाटा बेस प्रबंधन में 5 वर्षो का अनुभव सहित । | 8.00 |
| | कुल:- | 8 (आठ) | | |

2. **ऑनलाइन आवेदन:-** उक्त पदों पर सुयोग्य अभ्यर्थियों के चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन वेबसाईट https://fmiscwrdbihar.gov.in/mmcvacancy पर उपलब्ध है । इस विज्ञापन के लिए निर्धारित ऑनलाइन आवेदन से इत्तर मुद्रित, टंकित, हस्तलिखित आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे ।

3. **आयु सीमा:-** संविदा के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक अधिकतम आयु 64 वर्ष होगी परन्तु अन्य अर्हता समान रहने पर कम उम्र वाले को प्राथमिकता दी जायेगी ।

4. **मूल्यांकण मानदंड** (Evaluation Criteria):- आवेदक द्वारा समर्पित प्रस्ताव के मूल्यांकण मानदंड निम्नवत् होंगे:-

| क्र० सं० | मानदंड | | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | **उपरोक्त पदवार न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता** | | **80** |
| | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता का विश्लेषित विवरण:- | | |
| 1(क) | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | 50 | |
| 1(ख) | 1(क) के अतिरिक्त उच्चतर शैक्षणिक योग्यता | 10 | |
| 1(ग) | अनुभव:- न्यूनतम अनुभव | 15 | |
| | न्यूनतम अनुभव के सदृश अतिरिक्त अनुभव | 05 | |
| 2. | **साक्षात्कार** | | **20** |
| | **कुल अंक:-** | | **100** |

5. **सुविधाएं:-** उक्त समेकित वार्षिक पारिश्रमिक (जो समतुल्य मासिक किस्तों में दिया जायेगा) के अतिरिक्त सरकारी कार्य से मुख्यालय से बाहर भेजने की स्थिति में विभाग द्वारा अनुमोदित यात्रा भत्ता देय होगा । इसके अलावा अन्य कोई भत्ता देय नहीं होगा ।

6. **अन्यान्य:-**

(i) संविदा के आधार पर चयन प्रथमत: 01(एक) वर्ष या 65(पैसठ) वर्ष की आयु तक के लिये होगी । कार्य संतोषजनक पाये जाने पर संविदा सेवा अवधि का विस्तार किया जायेगा ।

(ii) सेवानिवृत्त कर्मियों के मामले में नियोजन के दौरान यदि उनके विरूद्ध किसी प्रकार के गंभीर आरोप अथवा अनुशासनिक कार्रवाई की स्थिति उत्पन्न होती है तो उनका नियोजन रद्द कर दिया जायेगा ।

(iii) सेवानिवृत्त कर्मियों को बिहार सरकार द्वारा निर्गत अद्यतन संकल्प/आदेश/पत्रों के अनुसार उक्त संविदा नियोजन को पुनर्नियोजन मानते हुए वेतन का निर्धारण नियमानुसार किया जायेगा । इनके मामले में उक्त वार्षिक पारिश्रमिक की राशि अधिकतम होगी ।

(iv) संविदा के आधार पर नियोजित व्यक्ति सरकारी सेवक नहीं माने जायेंगे एवं इस संविदा नियोजन के पश्चात् सरकारी सेवा में विनियमितिकरण का दावा मान्य नहीं होगा ।

(v) नियोजन हेतु चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति हेतु एकरारनामा के समय आवेदक के सरकारी कार्य हेतु स्वस्थ होने के संबंध में असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

(vi) संविदा नियुक्ति के क्रम में किये गये अनुबंध समाप्ति की तिथि के पूर्व यदि नियोजित व्यक्ति का पुनर्नियोजन/सेवा विस्तार नहीं होता है तो वैसी स्थिति में निर्धारित तिथि को उनका अनुबंध स्वत: समाप्त माना जायेगा और इसके लिये अलग से आदेश निर्गत किया जाना अपेक्षित नहीं होगा ।

(vii) नियुक्त कर्मियों की सेवाएँ संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर एक माह की पूर्व सूचना देकर उनका नियोजन रद्द किया जा सकता है ।

(viii) संविदा नियुक्ति नियोजन के क्रम किसी भी समय बिना कारण बताये नियोजन प्रक्रिया को पूर्णतः या आंशिक रूप से रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा ।

(ix) एक अभ्यर्थी विज्ञापित आठ अदद पदों में से केवल एक ही पद के विरूद्ध आवेदन कर सकते हैं ।

(x) इस विज्ञापन से संबंधित सभी सूचनाएँ वेवसाइट https://fmiscwrdbihar.gov.in/fmis/ एवं https://wrd.fmiscwrdbihar.gov.in/ पर अपलोड कर दी जाएगी एवं समाचार पत्रों में अलग से प्रकाशन अपेक्षित नहीं होगा ।

(xi) ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की **अंतिम तिथि 22 अप्रैल 2022 (शुक्रवार)** निर्धारित है ।

(xii) विशेष जानकारी के लिये अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यालय कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है ।

25/3/2022

संयुक्त निदेशक
बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र
द्वितीय तल, जल संसाधन भवन,
अनिसाबाद, पटना–800002
दूरभाषः– 0612–2256999